☎ STD 05278 V.C. 246223, 246330 (O)
05278 V.C. 246224, 245209 (R)
Fax V.C. 246330(O), 245209(R)
Registrar- 245957(O), 246042(R)
F.O.- 246386(O)

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

**DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)**

## हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

दिनांकः 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 04

# पीएचडी में दाखिले के लिए साक्षात्कार शुरू

अयोध्या | हिन्दुस्तान संवाद

अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर पी-एचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) का साक्षात्कार मंगलवार को शुरू हो गया। पहले दिन सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। 16 विषयों में शोधार्थियों के चयन के लिए 15 जनवरी तक साक्षात्कार होगा।

सीईटी-2020 के समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि छह जनवरी को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू, सात जनवरी को बायोकेमेस्ट्री एवं दर्शनशास्त्र, आठ जनवरी को भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान तथा व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता, 11 जनवरी को अंग्रेजी तथा गणित एवं सांख्यिकी, 12 जनवरी को रसायन विज्ञान तथा सैन्य विज्ञान, 13 जनवरी को अर्थशास्त्र तथा जंतु विज्ञान, 15 जनवरी को गणित तथा वनस्पति विज्ञान के विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए परिसर में सुबह 10 बजे उपस्थित हो।

उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल तथा एसएमएस अलर्ट भेजा जा चुका है। समय सारिणी वेबसाइट पर उपलब्ध है। वेबसाइट से अभ्यर्थी साक्षात्कार पत्र को डाउनलोड कर सकते हैं। प्रो. वर्मा ने बताया कि जिन विषयों के साक्षात्कार विवरण समय सारिणी में नहीं प्रदर्शित हैं उनकी साक्षात्कार तिथि नियत होते ही सूचना वेबसाइट पर तथा अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल एवं एसएमएस से प्रेषित की जाएगी। कुल 27 विषयों के पी-एचडी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा आठ नवम्बर 2020 को आयोजित की गयी थी। परिणाम चार दिसम्बर 2020 को जारी किया गया था।

प्रो. वर्मा ने बताया कि कोविड-19 के प्रोटोकाल में साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रवेश समिति के सदस्य डॉ. नरेश चौधरी, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. नीलम यादव, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ. आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव व ओमप्रकाश चौरसिया सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

दिनांकः 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 04

# महिला उद्यमी निर्वहन करती हैं सक्षम भूमिका

अयोध्या | हिन्दुस्तान संवाद

## अवध विश्वविद्यालय

- मिशन शक्ति अभियान में राज्य व केन्द्र सरकार कर रही सहयोग
- उद्यमिता के माध्यम से महिला सशक्तीकरण विषय पर हुई चर्चा

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के वीमेन ग्रीवेंस व वेलफेयर सेल की ओर से आयोजित मिशन शक्ति अभियान के तहत उद्यमिता के माध्यम से महिला सशक्तीकरण विषय पर एक वेबिनार का आयोजन हुआ

वेबिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मिंग रिसर्च, मोदीपुरम, मेरठ की निशा वर्मा ने कहा कि किसी भी देश की आर्थिक उन्नति के लिए महिला उद्यमिता एक महत्वूपर्ण साधन माना गया है। महिला उद्यमी न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाती हैं, बल्कि दूसरों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराती हैं।

उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक व पारिवारिक दृष्टि से मजबूत करना होगा। इसके लिए सशक्तीकरण की दिशा में उन्हें कुशल बनाने के लिए समावेशी विकास कार्यक्रम केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाया जा रहा है। इसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय ने कई रोजगारोन्मुख कार्यक्रम चला रखा है।

इन योजनाओं से महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए मदद मिल रही है। वीमेन ग्रीवेंस एवं वेलफेयर सेल की समन्वयक प्रो. तुहिना वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं के आत्मसम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए श्रृंखलाबद्ध वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त बनाने व उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रो. वर्मा ने अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सेल की उपसमंवयक डॉ. सिंधु सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला सशक्तीकरण में आ रही चुनौतियों से सामना करने के उपायों पर प्रकाश डाला। वेबिनार का संचालन सेल की सदस्य डॉ. सरिता द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर इंजीनियर मनीषा यादव, डॉ. महिमा चैरसिया, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, इंजीनियर निधि अस्थाना, नीलम मिश्रा, वल्लभी तिवारी सहित शिक्षक, कर्मचारी व प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े रहे।

अमर उजाला माईसिटी, अयोध्या

दिनांक: 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 03

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए साक्षात्कार शुरू

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पीएचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) का साक्षात्कार मंगलवार से प्रारंभ हो गया। इसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के लिए शोधार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार हुआ।

अवध विवि में 16 विषयों में शोधार्थियों के चयन के लिए 15 जनवरी तक साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। इसमें छह जनवरी को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू, सात जनवरी को बायोकेमेस्ट्री एवं दर्शन शास्त्र, आठ जनवरी को भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान तथा व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता, 11 जनवरी को अंग्रेजी तथा गणित एवं सांख्यिकी, 12 जनवरी को रसायन विज्ञान तथा सैन्य विज्ञान, 13 जनवरी को अर्थ शास्त्र तथा जंतु विज्ञान, 15 जनवरी को गणित तथा वनस्पति विज्ञान के विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। सीईटी-2020 के समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल तथा एसएमएस अलर्ट प्रेषित किया जा चुका है। समय सारिणी विवि की बेवसाइट पर उपलब्ध है। वेबसाइट से अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है। साक्षात्कार की शुचिता और विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए प्रवेश समिति के सदस्य डॉ. नरेश चैधरी, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. नीलम यादव, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. राजेश सिंह कुशवाहा सक्रिय योगदान दे रहे हैं। (संवाद)

दैनिक जागरण, अयोध्या

दिनांक: 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 04

# अविवि में शुरू हुआ शोध में प्रवेश

**संसू,अयोध्या:** अवध विश्वविद्यालय में पीएचडी की सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) का साक्षात्कार मंगलवार को शुरू हो गया। पहले दिन सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के लिए शोधार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार हुआ। 16 विषयों में शोधार्थियों के चयन के लिए 15 जनवरी 2021 तक साक्षात्कार होंगे। छह जनवरी को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू, सात जनवरी को बायोकेमेस्ट्री एवं दर्शनशास्त्र, आठ जनवरी को भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान तथा व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता, 11 जनवरी को अंग्रेजी तथा गणित एवं सांख्यिकी, 12 जनवरी को रसायन विज्ञान तथा सैन्य विज्ञान, 13 जनवरी को अर्थशास्त्र तथा जंतु विज्ञान, 15 जनवरी को गणित तथा वनस्पति विज्ञान के विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए विवि में सुबह 10 बजे उपस्थित होना होगा।

समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया साक्षात्कार के लिए ईमेल तथा एसएमएस अलर्ट प्रेषित किया जा चुका है।

जनाभास, लखनऊ

दिनांक: 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 04

# अवध विश्वविद्यालय एवं एचसीएल, लखनऊ के संयुक्त संयोजन में हुआ प्लेसमेंट कार्यक्रम

अश्वनी पांडेय

जनाभास,अयोध्या। डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं एचसीएल, लखनऊ के संयुक्त संयोजन में आज 05 जनवरी, 2021 को स्वामी विवेकानंद सभागार में परिसर के छात्र–छात्राओं को प्लेसमेंट से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विशेषज्ञ एचसीएल, लखनऊ के एसोसिएट जनरल मैनेजर प्रभात रंजन ने बताया कि एचसीएल एक विश्वस्तरीय संस्था है। दुनियां के 50 से अधिक देशों में 1.5 लाख लोग सेवारत है। दुनियां के सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठानों एचसीएल की सेवाएं ली जा रही है। एचसीएल आईटी हार्डवेयर, टेक्नोलॉजी हेल्थकेयर के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने बताया कि आईटी के क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष 35 हजार लोगों को रोजगार प्रदान करती है। कम्पनी का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान कराना है। प्रभात रंजन ने बताया कि कम्पनी कभी भी अपने क्षमतावान कर्मी को छोड़ना नही चाहती है। एचसीएल कम्पनी गैर तकनीकी स्नातक छात्रों के लिए एक नया अवसर प्रदान कर रही है। प्रत्येक छात्र को सीखने के लिए तैयार रहना है। यह सफलता का एक प्रमुख मंत्र है। एचसीएल की रीमा श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों को लक्ष्य के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए। यह आवश्यक नही है कि व्यक्ति एक या दो प्रयासों में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर ले। इसके लिए आवश्यक है कि स्वयं का विश्लेषण कर तैयार करना चाहिए। असफलता यह तय करती है कि व्यक्ति को और मनोयोग से कार्य करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ० गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि परिसर के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए प्रतिष्ठित कम्पनियों का आना हर्ष का विषय है। इससे छात्र–छात्राओं अध्ययन की अवधि में रोजगार का अवसर मिल पायेगा। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हुई अधिष्ठाता छात्र–कल्याण प्रो० नीलम पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० रविशंकर सिंह के निर्देशन में छात्र–छात्राओं को प्लेसमेंट के निरन्तर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। एचसीएल जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनी का परिसर में आना कुलपति प्रो० सिंह की दूरदर्शिता का प्रतिफल है। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर साम्भवीमुद्रा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में उपकुलसचिव विनय कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव मो० साहिल अहमद, प्रो० रमापति मिश्र, डॉ० विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ० निमिष मिश्र, डॉ० आरएन पाण्डेय, डॉ० आशीष पटेल, डॉ० संजीत पाण्डेय, डॉ० सूरज सिंह, इंजीनियर अनुराग सिंह, एचसीएल के सौरभ सिंह, आशीष मिश्र, गिरीशचंन्द्र पंत सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं कोविड–19 के प्रोटोकॉल में उपस्थित रहे।

## मंत्री ट्राफी-2020 के समाप

प्रदीप चढ़ार

जनाभास,खुरई। प्रदेश के नगरीय f
क्रिकेट टूर्नामेंट 2020 के समापन समा
चौहान मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन
टूर्नामेंट–2020 का फायनल मैच 9 जन
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह
उपविजेता टीम, मैन ऑफ द सीरीज,

जनाभास, लखनऊ

दिनांकः 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 04

# अवध विश्वविद्यालय में पी-एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा का साक्षात्कार प्रारम्भ

अश्वनी पांडेय

जनाभास,अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के दिशा–निर्देशन में पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी–2020) का साक्षात्कार आज 05 जनवरी 2021 से प्रारंभ हो गया है। जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के लिए शोधार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार हुआ। 16 विषयों में शोधार्थियों के चयन के लिए 15 जनवरी 2021 तक साक्षात्कार आयोजित किए जायेंगे। 06 जनवरी को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू, 07 जनवरी को बायोकेमेस्ट्री एवं दर्शनशास्त्र, 08 जनवरी को भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान तथा व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता, 11 जनवरी को अंग्रेजी तथा गणित एवं सांख्यिकी, 12 जनवरी को रसायन विज्ञान तथा सैन्य विज्ञान, 13 जनवरी को अर्थशास्त्र तथा जंतु विज्ञान, 15 जनवरी को गणित तथा वनस्पति विज्ञान के विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए परिसर में प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होगा। प्रमाणपत्रों की सघन जांच के उपरांत ही साक्षात्कार के लिए परिषद के समक्ष उपस्थित होना होगा। सीईटी–2020 के समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल तथा एस0एम0एस0 अलर्ट प्रेषित किया जा चुका है। समय सारिणी वेबसाइट ीजजचःध्ध्चीकंकउपेपवद.तउसंनमदजतंदबम.पद पर उपलब्ध है। इस वेबसाइट से अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है। प्रो0 वर्मा ने बताया कि जिन विषयों के साक्षात्कार विवरण समय सारिणी में नहीं प्रदर्शित हैं उनकी साक्षात्कार तिथि नियत होते ही सूचना वेबसाइट पर तथा अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल एवं एस० एम० एस० से प्रेषित की जाएगी। कुल 27 विषयों के पी–एच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 08 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गयी थी जिसका परिणाम 04 दिसम्बर 2020 को जारी किया गया था। प्रो0 वर्मा ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के दिशा–निर्देश पर कोविड–19 के प्रोटोकाल में पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा के साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार की शुचिता और विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए प्रवेश समिति के सदस्य डॉ० नरेश चौधरी, डॉ० गीतिका श्रीवास्तव, डॉ० नीलम यादव, डॉ० अभिषेक सिंह, डॉ० राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ० आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चौरसिया अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

शांतिमोर्चा, अयोध्या

दिनांक: 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 08

# लक्ष्य के लिए निरन्तर रहना चाहिए प्रयत्नषील : रीमा श्रीवास्तव

## अवध व एचसीएल, लखनऊ के योजन में हुआ प्लेसमेंट कार्यक्रम

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं एचसीएल, लखनऊ के संयुक्त संयोजन में आज 05 जनवरी, 2021 को स्वामी विवेकानंद सभागार में परिसर के छात्र–छात्राओं को प्लेसमेंट से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विषेशज्ञ एचसीएल, लखनऊ के एसोसिएट जनरल मैनेजर प्रभात रंजन ने बताया कि एचसीएल एक विष्वस्तरीय संस्था है। दुनियां के 50 से अधिक देषों में 1.5 लाख लोग सेवारत है। दुनियां के सर्वश्रेश्ठ प्रतिश्ठानों एचसीएल की सेवाएं ली जा रही है। एचसीएल आईटी हार्डवेयर, टेक्नोलॉजी हेल्थकेयर के क्षेत्र में उत्कृश्ट प्रदर्षन कर रही है। उन्होंने बताया कि आईटी के क्षेत्र में प्रत्येक वर्श 35 हजार लोगों को रोजगार प्रदान करती है। कम्पनी का उद्देष्य स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान कराना है। प्रभात रंजन ने बताया कि कम्पनी कभी भी अपने क्षमतावान कर्मी को छोड़ना नही चाहती है। एचसीएल कम्पनी गैर तकनीकी स्नातक छात्रों के लिए एक नया अवसर प्रदान कर रही है। प्रत्येक छात्र को सीखने के लिए तैयार रहना है। यह सफलता का एक प्रमुख मंत्र है।

ार्यक्रम का संचालन इंजीनियर साम्भवीमुद्रा षुक्ला ने किया। कार्यक्रम में उपकुलसचिव विनय कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव मो0 साहिल अहमद, प्रो0 रमापति मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 निमिश मिश्र, डॉ0 आरएन पाण्डेय, डॉ0 आषीश पटेल, डॉ0 संजीत पाण्डेय, डॉ0 सूरज सिंह, इंजीनियर अनुराग सिंह, एचसीएल के सौरभ सिंह, आषीश मिश्र, गिरीषचंन्द्र पंत सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं कोविड–19 के प्रोटोकॉल में उपस्थित रहे।

शांतिमोर्चा, अयोध्या

दिनांकः 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 08

# पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा का साक्षात्कार प्रारम्भ

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविषंकर सिंह के दिषा–निर्देषन में पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी–2020) का साक्षात्कार आज 05 जनवरी 2021 से प्रारंभ हो गया है। जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के लिए शोधार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार हुआ। 16 विषयों में शोधार्थियों के चयन के लिए 15 जनवरी 2021 तक साक्षात्कार आयोजित किए जायेंगे। 06 जनवरी को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू, 07 जनवरी को बायोकेमेस्ट्री एवं दर्शनशास्त्र, 08 जनवरी को भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान तथा व्यवसाय प्रबंध ान एवं उद्यमिता, 11 जनवरी को अंग्रेजी तथा गणित एवं सांख्यिकी, 12 जनवरी को रसायन विज्ञान तथा सैन्य विज्ञान, 13 जनवरी को अर्थशास्त्र तथा जंतु विज्ञान, 15 जनवरी को गणित तथा वनस्पति विज्ञान के विशय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा। सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए परिसर में प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होगा। प्रमाणपत्रों की सघन जांच के उपरांत ही साक्षात्कार के लिए परिषद के समक्ष उपस्थित होना होगा।

सीईटी–2020 के समन्वयक प्रो0 षैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल तथा एस0एम0एस0 अलर्ट प्रेषित किया जा चुका है। समय सारिणी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस वेबसाइट से अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है। प्रो0 वर्मा ने बताया कि जिन विषयों के साक्षात्कार विवरण समय सारिणी में नहीं प्रदर्शित हैं उनकी साक्षात्कार तिथि नियत होते ही सूचना वेबसाइट पर तथा अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल एवं एस० एम० एस० से प्रेषित की जाएगी। कुल 27 विषयों के पी–एच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 08 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गयी थी जिसका परिणाम 04 दिसम्बर 2020 को जारी किया गया था। प्रो0 वर्मा ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के दिशा–निर्देश पर कोविड–19 के प्रोटोकाल में पी–एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा के साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार की शुचिता और विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए प्रवेश समिति के सदस्य डॉ० नरेश चौधरी, डॉ० गीतिका श्रीवास्तव, डॉ० नीलम यादव, डॉ० अभिषेक सिंह, डॉ० राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ० आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चौरसिया अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

स्वतंत्र चेतना, अयोध्या

दिनांक: 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 03

# दुनिया के सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठानों में एचसीएल : प्रभात रंजन

## अवध विवि व एचसीएल के संयुक्त संयोजन में हुआ प्लेसमेंट कार्यक्रम

**चेतना समाचार सेवा**

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय एवं एचसीएल, लखनऊ के संयुक्त संयोजन में पांच जनवरी को स्वामी विवेकानंद सभागार में परिसर के छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विशेषज्ञ एचसीएल, लखनऊके एसोसिएट जनरल मैनेजर प्रभात रंजन ने बताया कि एचसीएल एक विश्वस्तरीय संस्था है। दुनियां के 50 से अधिक देशों में डेढ़ लाख लोग सेवारत हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठानों एचसीएल की सेवाएं ली जा रही हैं। एचसीएल आईटी हार्डवेयर, टेक्नोलॉजी हेल्थकेयर के क्षेत्र में उत्ष्ट प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने बताया कि आईटी के क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष 35 हजार लोगों को रोजगार प्रदान करती है। कम्पनी का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान कराना है। प्रभात रंजन ने बताया कि कम्पनी कभी भी अपने क्षमतावान कर्मी को छोड़ना नहीं चाहती है। एचसीएल कम्पनी गैर तकनीकी स्नातक छात्रों के लिए एक नया अवसर प्रदान कर रही है। एचसीएल की रीमा श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों को लक्ष्य के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि परिसर के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए प्रतिष्ठित कम्पनियों का आना हर्ष का विषय है। इससे छात्र-छात्राओं अध्ययन की अवधि में रोजगार का अवसर मिल पायेगा। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हुई अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के निरन्तर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। एचसीएल जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनी का परिसर में आना कुलपति प्रो0 सिंह की दूरदर्शिता का प्रतिफल है। कार्यक्रम का संचालन इं0 साम्भवीमुद्रा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में उपकुलसचिव विनय कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव मो0 साहिल अहमद, प्रो0 रमापति मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 निमिष मिश्र, डॉ0 आरएन पाण्डेय, डॉ0 आशीष पटेल, डॉ0 संजीत पाण्डेय, डॉ0 सूरज सिंह, इं0 अनुराग सिंह, एचसीएल के सौरभ सिंह, आशीष मिश्र, गिरीशचंन्द्र पंत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कोविड-19 के प्रोटोकॉल में उपस्थित रहे।

अमृत विचार, लखनऊ

दिनांक: 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 10

# दुनिया के सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठानों में है एचसीएल

अमृत विचार अयोध्या

**आयोजन**

- **अवध विवि व एचसीएल लखनऊ में हुआ प्लेसमेंट कार्यक्रम**

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं एचसीएल, लखनऊ के संयुक्त संयोजन में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में परिसर के छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विशेषज्ञ एचसीएल, लखनऊ के एसोसिएट जनरल मैनेजर प्रभात रंजन ने बताया कि एचसीएल एक विश्वस्तरीय संस्था है।

दुनियां के 50 से अधिक देशों में 1.5 लाख लोग सेवारत है। दुनियां के सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठानों एचसीएल की सेवाएं ली जा रही है। एचसीएल आईटी हार्डवेयर, टेक्नोलॉजी हेल्थकेयर के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने बताया कि आईटी के क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष 35 हजार लोगों को रोजगार प्रदान करती है। कम्पनी का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान कराना है। प्रभात रंजन ने बताया कि कम्पनी कभी भी अपने क्षमतावान कर्मी को छोड़ना नही चाहती है। एचसीएल कम्पनी गैर तकनीकी स्नातक छात्रों के लिए एक नया अवसर प्रदान कर रही है। प्रत्येक छात्र को सीखने के लिए तैयार रहना है। यह सफलता का एक प्रमुख मंत्र है। एचसीएल की रीमा श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों को लक्ष्य के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए। यह आवश्यक नही है कि व्यक्ति एक या दो प्रयासों में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर ले। इसके लिए आवश्यक है कि स्वयं का विश्लेषण कर तैयार करना चाहिए। असफलता यह तय करती है कि व्यक्ति को और मनोयोग से कार्य करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि परिसर के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए प्रतिष्ठित कम्पनियों का आना हर्ष का विषय है। इससे छात्र-छात्राओं अध्ययन की अवधि में रोजगार का अवसर मिल पायेगा। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हुई अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के निरन्तर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में उपकुलसचिव विनय कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव मो. साहिल अहमद, प्रो. रमापति मिश्र, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. निमिष मिश्र, डॉ. आरएन पाण्डेय, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. संजीत पाण्डेय, डॉ. सूरज सिंह, एचसीएल के सौरभ सिंह, आशीष मिश्र, गिरीशचंन्द्र पंत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कोविड-19 के प्रोटोकॉल में उपस्थित रहे।

# अमृत विचार, लखनऊ

दिनांक: 06 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 10

## पीएचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा का साक्षात्कार शुरू

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के दिशा-निर्देशन में पीएचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) का साक्षात्कार मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। जिसमें सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के लिए शोधार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार हुआ। 16 विषयों में शोधार्थियों के चयन के लिए 15 जनवरी 2021 तक साक्षात्कार आयोजित किए जायेंगे। 06 जनवरी को पर्यावरण विज्ञान एवं उर्दू, 07 जनवरी को बायोकेमेस्ट्री एवं दर्शनशास्त्र, 08 जनवरी को भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान तथा व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता, 11 जनवरी को अंग्रेजी तथा गणित एवं सांख्यिकी, 12 जनवरी को रसायन विज्ञान तथा सैन्य विज्ञान, 13 जनवरी को अर्थशास्त्र तथा जंतु विज्ञान, 15 जनवरी को गणित तथा वनस्पति विज्ञान के विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा।